Under CSR Support by Ipca Foundation missiongyan

## अध्याय - 5 | व्यवसाय की उभरती पद्धतियाँ

**QUIZ PART-08**

1. **सफल ई–व्यवसाय संचालन के लिए किन संसाधनों की आवश्यकता होती है?**
   A. केवल इंटरनेट
   B. धन, व्यक्ति और मशीनें
   C. केवल मोबाइल
   D. केवल सॉफ़्टवेयर (B)

*व्याख्या :* व्यवसाय स्थापना के लिए धन, मानव संसाधन और हार्डवेयर की आवश्यकता होती है।

2. **वेबसाइट बनाने और चलाने के लिए क्या आवश्यक होता है?**
   A. केवल सोशल मीडिया
   B. अतिरिक्त संसाधन
   C. केवल विज्ञापन
   D. केवल मोबाइल ऐप (B)

*व्याख्या :* वेबसाइट के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए अतिरिक्त संसाधनों की ज़रूरत होती है।

3. **वेबसाइट किसका ऑनलाइन दृश्य स्वरुप मानी जाती है?**
   A. भौतिक दुकान
   B. किसी विषयवस्तु की डिजिटल प्रस्तुति
   C. टीवी कार्यक्रम
   D. रेडियो सेवा (B)

*व्याख्या :* वेबसाइट उस विषयवस्तु का ऑनलाइन रुप है जिसे फर्म ग्राहकों को दिखाना चाहती है।

4. **ई–वाणिज्य से व्यवसाय संगठन को कौन-सा लाभ मिलता है?**
   A. बाजार सीमित होता है
   B. प्रचार लागत बढ़ती है
   C. राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुँच
   D. आपूर्ति श्रृंखला कमजोर होती है (C)

*व्याख्या :* ई–वाणिज्य से बाजार का विस्तार होता है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच बनती है।

5. **ई–वाणिज्य में ग्राहकों को कौन-सी सुविधा मिलती है?**
   A. खरीदारी सीमित होती है
   B. विकल्प कम मिलते हैं
   C. प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य व छूट
   D. डिलीवरी बहुत देर से (C)

*व्याख्या :* ग्राहकों को कई विकल्प मिलते हैं और कई बार कीमत में लाभ भी मिलता है।

6. **ई–वनिलामी किसके लिए उपयोग की जाती है?**
   A. केवल बड़ी मशीनों के लिए
   B. वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन बोली लगाने के लिए
   C. स्कूल प्रवेश
   D. बीमा दावे (B)

*व्याख्या :* ई–नीलामी में उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन बोली लगाई जाती है।

7. **ई–संप्रेषण में कौन–सी गतिविधियाँ शामिल हैं?**
   A. केवल ऑफलाइन प्रचार
   B. ऑनलाइन सर्वेक्षण, विज्ञापन बैनर और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
   C. केवल खेल गतिविधियाँ
   D. केवल रेडियो कार्यक्रम (B)

*व्याख्या :* ई–संप्रेषण में सर्वेक्षण, बैनर प्रचार और ऑनलाइन मीटिंग्स शामिल हैं।

8. **ई–व्यवसाय में ऑनलाइन मीटिंग्स किस माध्यम से होती हैं?**
   A. टेलीग्राम पर
   B. केवल मोबाइल संदेशों से
   C. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से
   D. टीवी चैनल से (C)

*व्याख्या :* ई–संप्रेषण के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

9. **ग्राहकों और समाज को ई–वाणिज्य से मिलने वाला एक प्रमुख लाभ क्या है?**
   A. विकल्प कम हो जाते हैं
   B. समयानुसार डिलीवरी
   C. कीमत हमेशा बढ़ती है
   D. रोजगार के अवसर घटते हैं (B)

*व्याख्या :* ग्राहकों को उत्पाद उनकी आवश्यकता व समय के अनुसार उपलब्ध हो सकते हैं।

10. **ई–वाणिज्य का एक महत्वपूर्ण सामाजिक लाभ क्या है?**
    A. बेरोजगारी बढ़ना
    B. केवल शहरों में कार्य
    C. रोजगार की संभावनाएँ बढ़ना
    D. ग्राहक को कम विकल्प मिलना (C)

*व्याख्या :* ई–वाणिज्य के फैलाव से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App